दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 06, MIDDLE

एसआरएमएस मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

टूर्नामेंट के पहले दिन रोटरी स्कूल के यशपाल यादव ने हैट्रिक के साथ झटके 7 विकेट

जीत पर टीम नेजताई खुशी.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (24 Oct): श्रीराममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2021 के तीसरे सीजन का आगाज 24 अक्टूबर को हुआ. टूर्नामेंट का उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव और टूर्नामेंट आयोजन समिति के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने किया. पहले दिन दो मैच खेले गए, जिसमें डीपीएस और रोटरी स्कूल विजेता रहे. रोटरी स्कूल की तरफ से यशपाल यादव ने शानदार प्रदर्शन कर हैट्रिक के साथ सात विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया. पहले मैच में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले डीपीएस के दिव्यांश अरोरा मैन ऑफ द मैच चुने गए.

क्वार्टर फाइनल में डीपीएस

टूर्नामेंट आयोजन समिति के सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती ने बताया कि एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर आज दो नॉकआउट मैच खेले गए. पहला मैच जीआरएम स्कूल और डीपीएस स्कूल के बीच हुआ. जिसमें जीआरएम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने की. डीपीएस की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और शुरू के पांच ओवरों में बल्लेबाजों ने कूल 20 रन ही अपनी टीम के लिए जोड़ने साथ ही लगातार विकेट्स गिरने से कोई भी बल्लेबाज ज्यादा समय क्रीज पर नहीं टिक पाया. डीपीएस ने 20 ओवर्स में 117 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करते हुए जीआरएम की टीम ने धीमी शुरुआत की. डीपीएस ने जीआरएम को 25 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई. दिव्यांश अरोरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया.

डीपीएस और रोटरी स्कूल ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

अल्मा मातेर 53 रन पर ऑल आउट

दूसरा मैच रोटरी स्कूल और आल्मा मातेर स्कूल के बीच खेला गया. यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा. टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए रोटरी स्कूल ने बेहद हल्की शुरुआत की. आल्मा मातेर की टीम ने काफी किफायती गेंदबाजी करते हुए रोटरी स्कूल को 77 रन के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया. गेंदबाजी में अंश नयन ने चार विकेट और आदित्य ने तीन विकेट लिए. जवाब में गेंदबाजी को उतरी रोटरी स्कूल की घातक गेंदबाजी के आगे आल्मा मातेर के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए और 53 रन पर ऑलआउट हो गयी. इसमें रोटरी स्कूल के गेंदबाज यशपाल यादव ने टूर्नामेंट के पहले ही दिन हैट्रिक के साथ चार ओवर में 30 रन देकर सात विकेट्स चटकाए और मैन ऑफ द मैच बने.